>

Title: Regarding unemployment situation in Prayagraj, Uttar Pradesh.

श्रीमती केसरी देवी पटेल (फूलपुर): अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करती हूं कि आपने मुझे सदन में अपनी बात कहने की स्वीकृति प्रदान की । मैं जनपद प्रयागराज क्षेत्र के फूलपुर लोक सभा सीट से सांसद निर्वाचित होकर आई हूं । प्रयागराज का पौराणिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक और राजनीतिक इतिहास रहा है । प्रयागराज की महिमा और ख्याति देश ही नहीं, पूरे विश्व में किसी से छिपी नहीं है । मैं बहुत-बहुत बधाई और आभार प्रकट करती हूं देश के प्रधान मंत्री आदरणीय श्री मोदी जी का और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी जी का, जिन्होंने प्रयागराज की महिमा और ख्याति को महाकुम्भ के माध्यम से चार चांद लगाने का काम किया है । आपने सिर्फ नाम ही नहीं बदला है, बल्कि पूरे जनपद का कायाकल्प कर दिया है । प्रयागराज उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक आबादी वाला शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है । यहां बहुत संख्या में नौजवान हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान नेशनल सैम्पल सर्वे आर्गेनाइजेशन के द्वारा किए गए सर्वे की ओर आकर्षित कराना चाहती हूं, जिसमें जनपद प्रयागराज में बेरोजगारी की दर सर्वाधिक 8.9 प्रतिशत बताई है, जो बहुत चिंता का विषय है । कुल 45 शहरों का सर्वे हुआ था । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या का समाधान करने के लिए जनपद प्रयागराज में नए उद्योगों की स्थापना की जाए और जो उद्योग बंद पड़े हुए हैं, उन्हें चालू कराया जाए तथा डिफेंस कॉरिडोर, जिसकी घोषणा केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार ने की है, उसका विस्तार करके उसमें जनपद प्रयागराज को भी संबद्ध किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती केसरी देवी पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।